कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

–:: कार्यालय आदेश ::–

राजस्थान लोक सेवा आयोग से चयनोपरांत औंकार स्वामी का पदस्थापन व्याख्याता राजनीति विज्ञान के पद पर आदेश क्रमांक शिविरा/माध्य/संस्था/सी–6/नियुक्ति–राज विज्ञा/पीएससी–15/2017 दिनांक 11.06.2017 द्वारा राउमावि हिरिया खेडी खैराबाद (कोटा) में किया गया । श्री औंकार स्वामी ने अपने पदस्थापन आदेश के विरूद्ध माननीय उच्च न्यायालय, जयपुर में याचिका संख्या 15831/2017 दायर की । जिसमें माननीय न्यायालय ने याची का अभ्यावेदन निस्तारण करने का आदेश दिया जिसकी पालना में याची का पदस्थापन आदेश क्रमांक शिविरा/मा/संस्था/सी–8/आरपीएससी/2017 दिनांक 24.12.2017 द्वारा राउमावि टोरडा जयपुर (गृह जिला) में करते हुवे अभ्यावेदन निस्तारित किया गया । याची ने पुनः अपने पदस्थापन आदेश के विरूद्ध माननीय उच्च न्यायालय जयपुर में एस.बी.सिविल याचिका सं. 8936/2018 दायर की जिसमें याची ने कहा कि उसकी किडनी खराब होने के कारण सप्ताह में दो बार उसे डायलिसिस के लिये जाना पडता है, एवं मुझे इलाज के लिये जयपुर में निवास करना पडता है जो मेरे पदस्थापन स्थान से 110 किमी पडता है अतः मेरा पदस्थापन स्थान में संशोधित कर जयपुर शहर में किसी विद्यालय में किया जाय । माननीय उच्च न्यायालय ने उक्त याचिका पर निर्णय करते हुए याची को अभ्यावेदन प्रस्तुत करने तथा अप्रार्थीगण द्वारा अभ्यावेदन निस्तारण का आदेश दिया है अतः याची ने पुनः याचिका सं. 8936/2018 के निर्णय की पालना में अभ्यावेदन प्रस्तुत किया ।

याची के अभ्यावेदन का गहनता पूर्वक अध्ययन व मनन किया गया एवं उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर याची की मांग के विषय में स्पष्ट है कि याची द्वारा पूर्व में प्रस्तुत अभ्यावेदन पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुवे याची को गृह जिले में पदस्थापित किया जा चुका है, अतः याची द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन खारिज करते हुए निस्तारित किया जाता है । सभी पक्षकार सूचित हों ।

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक माध्यमिक शिक्षा,
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक: शिविरा/माध्य/सी–6/**याचिका सं0 8936**/18 दिनांक 28/08/2018

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. जि.शि.अ. (माध्य–विधि) जयपुर
2. विधि अनुभाग, कार्यालय हाजा
3. अनुभाग अधिकारी कम्प्युटर अनुभाग को विभागीय वैबसाईट पर अपलोड हेतु
3. संबंधित कार्मिक
4. गार्ड पंजिका

संयुक्त–निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर